प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सखियों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण

बीकानेर, (कासं)। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के क्रम में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना के तहत पांच दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप हरियालो राजस्थान के तहत कृषि सखियों ने कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में सघन पौधारोपण किया। इस दौरान अधिकाधिक पौधारोपण लगाने की शपथ ली। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी ने बताया कि प्राकृतिक खेती स्वस्थ मृदा-समृद्ध किसान की परिकल्पना पर आधारित है। हाल ही में प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के रूप में लिया गया है। प्राकृतिक खेती रसायन मुक्त खेती है, जिसमें किसान अपने खेत पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर, देशी पशु से प्राप्त गोबर-गोमूत्र की सहायता से प्राकृतिक खेती करता है। प्राकृतिक खेती में किसी भी स्तर पर रसायन का उपयोग नहीं किया जाता है।

बीकानेर में हरियालो राजस्थान के तहत कृषि सखियों ने प्रशिक्षण के समापन पर कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में पौधारोपण किया।

प्राकृतिक खेती पूर्णतः स्थानीय जैव विविधता को सुरक्षित रखते हुए जीरो बजट पर आधारित खेती है। प्राकृतिक खेती के तहत किसान स्वयं के खेत पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य, ब्रह्मास्त्र, अग्नशास्त्र, वर्मीवास का उपयोग करते हुए प्राकृतिक खेती करते हैं। प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य सुधरता है एवं उर्वरकता स्तर बढ़ने के साथ मिट्टी में लाभदायक जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि होती है।

उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत राज्य स्तर पर कुल 1 हजार 800 कलस्टर का आवंटन किया गया है। वहीं बीकानेर जिले को 60 कलस्टर में 7 हजार 500 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ते का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि 60 कलस्टर में प्रति कलस्टर 2 कृषि सखी (सीआरपी) का चयन स्थानीय स्तर पर गांव में किया गया है।

इस दौरान उन्होंने बताया कि चयनित 120 कृषि सखी के प्रथम बैच की 60 कृषि सखी सीआरपी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। कृषि अधिकारी रामनिवास गोदारा ने बताया कि प्राकृतिक खेती कार्यक्रम के तहत 6 बायो इनपुट रिसोर्स केन्द्र का चयन किया जायेगा। प्रति केन्द्र एक लाख रूपए की राशि 50-50 हजार की दो किश्तों में स्वीकृत की जायेगी।

कार्यक्रम समन्वयक सहायक कृषि अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि चयनित कृषि सखी को प्रति माह 5 हजार रूपए मानदेय विभाग द्वारा दिया जायेगा। साथ ही मोबाइल के लिए एकमुश्त 4 हजार रूपए की राशि भी स्वीकृत की जायेगी। केवीके वैज्ञानिक डॉ. भगवती ने बताया कि कृषि सखी सीआरपी अब अपने अपने कलस्टर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी। चयनित 125 किसान प्रति दो सीआरपी को प्रशिक्षित करेगी।

इस दौरान कृषि सखियों ने अपने अनुभव साझा किए। सहभागी कृषि सखी सीआरपी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग अधिकारी गिरीराज चारण, जयपाल पूनिया, अशोक रोझ, पूजा, नवाचारी किसान हड़मान दास स्वामी व अन्य किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का

- **चयनित 120 कृषि सखी के प्रथम बैच की 60 कृषि सखी सीआरपी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया**

संचालन सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने किया।

कलेक्टर से गुहार : स्थानीय पूगल रोड़ स्थित सब्जी मंडी के आगे अस्थाई दुकानें लगाने वाले सब्जी-फल विक्रेताओं ने आज जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन देकर जीविकोपार्जन की गुहार लगाई है। कलेक्टर से मिले शिष्टमंडल ने अवगत कराया कि वे पिछले 20 वर्षों से पूगल रोड स्थित सब्जी मंडी के आगे अस्थाई दुकानों का संचालन कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।

दो माह पूर्व निगम की ओर से नाला सफाई के नाम पर उनकी अस्थाई दुकानों को हटाया गया था और वापस ठेले नहीं लगाने दिए गये। जिसके लिये पूर्व में कलेक्टर को आग्रह किया तो कलेक्टर ने निगम आयुक्त को उचित व्यवस्था के दिशा निर्देश भी दिए थे। उसके बाद भी आज तक किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि पहले भी कचहरी परिसर, फड़बाजार सहित अनेक स्थानों पर लगे ठेलों के लिये अस्थाई व्यवस्था की गई है।

पांच किलो गांजा सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस थाना श्रीविजयनगर द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई में रात को थानाधिकारी गोविन्दराम ने अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान मोहम्मद जावेद (34) को गिरफ्तार किया।

वह बिहार के मुज्जफरपुर जिले के साहबगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निजामत का रहने वाला है। उसके कब्जे से 5 किलो 126 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच पुलिस थाना मुकलावा के थानाधिकारी सम्पतराम को सौंपी गई है।

दूसरी कार्रवाई में थानाधिकारी गोविन्द राम के निर्देशन में उप-निरीक्षक जितेन्द्र कुमार ने अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान 18 जीबी, पुलिस थाना श्रीविजयनगर का निवासी निवासी लवप्रीत सिंह (22) को पकड़ा। उसके पास से जिले में प्रतिबंधित 70 प्रेगाबालिन कैप्सूल और 160 टैपेंटाडोल हाइड्रोक्लोराइड (टैनीडोल) टैबलेट बरामद की गई। इस मामले में बीबीएनएस की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत मेडिकेटड नशा और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने आस-पास होने वाली अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर 100, 112, 0154-2443055, 0154-2443100 या वॉट्सएप नंबर 9530434097 पर दें।

सार-समाचार

अट्ठाई तपस्या करने पर अभिनंदन

ढड्ढा कोटड़ी में प्रफुल्ल नाहटा के अट्ठाई तपस्या करने पर अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। ढड्ढा चौक क्षेत्र की ढड्ढा कोटड़ी में गच्छाधिपति आचार्य प्रवर जिनमणि प्रभ सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती बीकानेर मूल की साध्वी दीपमाला व साध्वी शंखनिधि के सानिध्य शुक्रवार को निखिल नाहटा पुत्र प्रफुल्ल नाहटा के अट्ठाई तपस्या करने पर अभिनंदन किया गया। जिनदत्त सूरी व सिद्धि तप के तपस्वियों की तपस्या की अनुमोदना की गई। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व श्री अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के संयुक्त तत्वावधान मे सकलश्री संघ के सहयोग से आयोजित चातुर्मास मे शनिवार को ढ्ढा चौक क्षेत्र की क्षमा कल्याण वाटिका (ढड्ढा कोटड़ी) में दोपहर दो बजे से चार बजे तक 16 सतियों (जैन धर्म की महान साध्वीवृंद) की सचेतन झांकी व प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि 16 सतियों की गौरव गाथा के साथ प्रेरणादायक प्रस्तुति होगी। इसमें उनकी जीवन गाथा, तप, त्याग को दर्शाया जायेगा। इस प्रस्तुति के लाभार्थी अंशुमाला, सुश्रावक कंवर लाल खजांची परिवार है। तपस्वी निखिल नाहटा का अभिनंदन चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राजीव खजांची, बीकानेर इकाई के उपाध्यक्ष कमल सेठिया आदि ने किया। तपस्वी ने गुरूवंदना की तथा गाजे बाजे के साथ जिनालयों में दर्शन किया।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण जारी

नत्थूसर बास स्थित नवलेश्वर मठ सिद्धपीठ में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करते श्रद्धालु।

बीकानेर, (कासं)। श्रावण मास के पावन अवसर पर बीकानेर के नत्थूसर बास स्थित नवलेश्वर मठ सिद्धपीठ, विवेकनाथ जी की बगेची में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य अनुष्ठान पूरे विधि-विधान और वैदिक परंपराओं के साथ जारी है। यह धार्मिक आयोजन 108 योगी शिवसत्यनाथ महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन संपन्न हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन, मातृशक्ति, पुरूष, युवतियां, छात्राएं एवं वरिष्ठ श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। इस अनुष्ठान में शिवलिंगों का निर्माण शुद्ध मिट्टी और पवित्र जल से किया जा रहा है। हर दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक शिव भक्त पूरे श्रद्धाभाव से पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका पूजन मंत्रोच्चार के साथ करते हैं। कार्यक्रम स्थल पर हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय बना हुआ है। अनुष्ठान में भाग लेने वाले श्रद्धालु सामाजिक समर्पण और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सेवा में रत महिलाओं और युवाओं की सहभागिता आयोजन की आत्मा बन गई है। मठ के सेवादार नंदकिशोर गहलोत ने बताया कि यह आयोजन संपूर्ण श्रावण मास तक प्रतिदिन आयोजित किया जायेगा। इसका उद्देश्य समाज में भक्ति भावना, सेवा संस्कार और पर्यावरण शुद्धि को प्रोत्साहित करना है।

पुलिस के हत्थे चढ़े गाड़ी चोर

बीकानेर, (कासं)। सदर थाना पुलिस ने फोर व्हीलर चुराने वाले गिरोह के दो हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर तीन गाड़ियां बरामद की। एएसपी सिटी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि फोर व्हीलर चोरी की वारदातें सामने आई थी। चोरों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई जिसने मेहनत कर चोरों को नामजद किया तो गिरोह सामने आया। इस गिरोह में शामिल दो हिस्ट्रीशीटर श्रीडूंगरगढ़ में गुंसाइसर बड़ा निवासी मांगीलाल उर्फ राकेश ब्राह्मण और बीकानेर में हरिजन बस्ती बड़ी गुवाड़ निवासी दीपक हरिजन को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर दो बोलेरो कैम्पर और यूपी से एक थार गाड़ी बरामद की गई है। मांगीलाल श्रीडूंगरगढ़ थाने का और दीपक कोटगेट थाने का एच.एस. है। दोनों पर हत्या, लूट, चोरी जैसे अपराधों के 32-32 मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के अन्य लोगों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

ग्रामीण हाट में रक्षाबन्धन मेला1 से 7 अगस्त तक

बीकानेर, । जिला प्रशासन, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा रक्षाबन्धन मेले का आयोजन 1 से 7 अगस्त तक जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मेले में बीकानेर संभाग के विभिन्न उद्योगों एवं हस्तशिल्प के उत्कृष्ट उत्पाद राखियाँ, कॉरपेट, कालीन, पायदान, हैण्डीक्राफ्ट, हैंडमेड ज्वैलरी, लेदर प्रोडक्टस, बेकरी उत्पाद, कशीदाकारी, नमकीन, वूलन उत्पाद, गारमेंटस, उस्ता कला, जटिल कढ़ाई वाले वस्त्र, उत्तम मिट्टी के बर्तन, चीनी मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी, धातु का कार्य, जीवंत पेंटिंग्स एवं कलाकृतियां इत्यादि की स्टॉलों का प्रदर्शन एवं विपणन किया जाना है।

रेलवे स्टेशन से गोगागेट सर्किल तक सड़क से अतिक्रमण हटाए

बीकानेर, (कासं)। रेलवे स्टेशन से गोगागेट सर्किल के बीच सड़क को मास्टर प्लान के मुताबिक फिर से चौड़ा करने और इसके बीच में आने वाले सभी अतिक्रमणों को हर हाल में तोड़ने के आदेश दिए गए हैं। बीकानेर की एडीजे कोर्ट ने इस आशय के आदेश दिए हैं। इस बीच प्रशासन ने कुछ दुकानों की चौकियों को तोड़कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दो महीने के भीतर रेलवे स्टेशन से गोगागेट सर्किल तक जाने वाली मुख्य सड़क की चौड़ाई मास्टर प्लान के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की ओर से निर्धारित की गई लम्बाई व चौड़ाई के अनुसार करनी होगी। इसके लिए सड़क के लिए निर्धारित स्थान पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए सड़क को चौड़ा किया जाए। सड़क के दोनों तरफ चौड़ाई को विधि अनुसार विस्तारित करते हुए नालियों व विद्युत पोल को विधि से निर्धारित सीमा के बाहर स्थापित किया जाए।

- **कोर्ट ने मास्टर प्लान के मुताबिक रोड को चौड़ा करने और इसके बीच में आने वाले सभी अतिक्रमणों को हर हाल में तोड़ने के आदेश दिए थे**

इससे किसी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नालियों अथवा विद्युत पोल की आड़ में नहीं किया जा सके। उन्हें निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मकानों के पास शिफ्ट करते हुए सड़क को चौड़ा किया जाए। इस मार्ग में बने हुए चबूतरे या अन्य निर्माण जिनसे आवागमन बाधित हो रहा हो उन्हें विधि अनुसार हटाया जाए तथा सड़क पर भविष्य में यातायात को प्रभावित करने वाले किसी भी निर्माण होने की संभावना को पूर्णतया समाप्त कर दिया जावे।

पुलिस अधीक्षक ने आदेश दिया है कि यातायात नियमों के अनुसार चौराहे, तिराहे पर यातायात को सुगम, सुचारू करने हेतु उपलब्ध साधनों के अनुसार व्यवस्था करें। उधर इस मामले में कोर्ट में पक्षकारों की ओर से पैरवी करने वाले सीनियर एडवोकेट प्रेमनारायण हर्ष ने बताया कि प्रशासन यहां बार-बार सिर्फ जेसीबी मशीन से चौकियां व सीढ़ियां तोड़कर अतिक्रमण हटाने की औपचारिकता कर रहा है। अब कोर्ट के सख्त आदेश से सड़क को मास्टर प्लान के मुताबिक करने के आदेश दिए गए हैं।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीकरणपुर क्षेत्र में भारतमाला गजसिंहपुर रोड पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 4 बजे भारतमाला हाईवे पर स्थित एक पैलेस के पास हुआ, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि दोनों के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। जिसके चलते दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही श्रीकरणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई बेगराज मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भारतमाला हाईवे की पेट्रोलिंग टीम 1033 की मदद से शवों को श्रीकरणपुर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतकों में से एक युवक की पहचान विजय कुमार निवासी 3 टी के रूप में हुई हैं। परिजनों को पुलिस ने सूचना दी है।

दो कारों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

बीकानेर, (कासं)। जिले के पूगल थाना क्षेत्र के आरडी 682 के पास सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुआ। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए।

बीकानेर के पूगल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कॉर्पियो और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने तेज भिड़ंत हुई। इस हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार चालक 28 वर्षीय जाकिर खान (निवासी गांव चकोसा, तहसील पूगल) की मौत हो गई। जबकि 2 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पूगल के उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया।

आरडी 682 के पास बीकानेर रोड पर जनता होटल के पास ओवर स्पीड के कारण हादसा हुआ। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों वाहनों में से कौन सा वाहन ओवर स्पीड में था। पूगल थाना के हैड कांस्टेबल मनोहर सिंह शेखावत व हैड कांस्टेबल धर्माराम गोदारा मौके पर पहुंचे। पूगल पुलिस ने स्कॉर्पियो व कार को सड़क से हटवाया। दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी तेज थी कि इसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने ही रूककर सहायता की और पुलिस को सूचना दी। घायलों को बाहर निकाला गया। जबकि जाकिर खान की मौके पर ही मौत हो गई थी।

- **पूगल में आरडी 682 के पास बीकानेर रोड पर जनता होटल के पास तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा**

लाइब्रेरी की छत से गिरी युवती की मौत

बीकानेर,(कासं)। यहां जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में स्थित एक लाइब्रेरी की तीसरी मंजिल से गिरी युवती की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। ये युवती लाइब्रेरी में पढ़ती थी और वहां पैर फिसलने के कारण तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरी। युवती बम्बलू निवासी रामरतन जाट की बेटी दुर्गा जाट थी।

व्यास कॉलोनी पुलिस के अनुसार गुरूवार को ये लड़की लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए गई थी। तीसरी मंजिल से अचानक पैर फिसलने के कारण वो नीचे आ गिरी। उसके शरीर के कई हिस्सों पर चोट लगी थी। सिर में भी गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर लाया गया लेकिन वहां इलाज के दौरान ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद व्यास कॉलोनी पुलिस लाइब्रेरी और पीबीएम अस्पताल पहुंची। युवती के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करवाने से मना कर दिया। शव को बिना पोस्टमॉर्टम ही परिजन ले गए। व्यास कॉलोनी पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। प्रथमदृष्टया इसे हादसा ही माना गया है। इसके बाद भी पुलिस लाइब्रेरी में घटनास्थल का मुआयना करके जांच कर रही है।

- **तीसरी मंजिल पर पैर फिसलने से नीचे गिरी, इलाज के दौरान दम तोड़ा**

16 पदोन्नत एएसआई की पोस्टिंग

बीकानेर, (कासं)। जिले में पदोन्नत होकर 16 एएसआई को पुलिस थानों और चौकियों में लगाया गया है।

एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने आदेश जारी कर अशोक कुमार सांदू को भीनासर चौकी, महेन्द्र सिंह व ओमप्रकाश को बज्जू थाना, कविन्द्र कुमार को शेरेरा चौकी, गंगाराम को पांचू चौकी, टीकूराम को 465 आरडी चौकी, कृष्ण कुमार को जस्सूसर गेट चौकी, सहीराम को कपिलमुनी मंदिर चौकी, जगदीशचंद को बम्बलू चौकी, महेन्द्र सिंह को सूडसर चौकी, स्नेहलता को अपराध शाखा कार्यालय, हनुमान सिंह को करणी नगर चौकी, संपतसिंह को बीछवाल थाना, जयप्रकाश को पवनपुरी चौकी, नंदराम को नोखा शहर चौकी पर लगाया।

बीकानेर जिले की जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत की मांग

बीकानेर,(कासं)। झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र स्थित एक सरकारी विद्यालय में स्कूल भवन की छत गिरने से हुए हृदय विदारक हादसे के बाद बीकानेर जिले के जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत की मांग की।

झालावाड़ में स्कूल भवन की छत गिरने से बच्चों की मौत पर बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने इस दुखद घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि मासूम बच्चों की अकाल मृत्यु ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुर्घटना में 7 बच्चों की मौत और अनेक बच्चों के मलबे में दबे होने की खबर से मन बेहद व्यथित और संवेदनशील है।

- **बीकानेर जिले के कई सरकारी विद्यालयों की इमारतें वर्षों पुरानी जर्जर हैं**

महासचिव राहुल जादुसंगत ने कहा कि क्या हमारे सरकारी स्कूलों की सुरक्षा और संरचना पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि बीकानेर जिले की समस्त विद्यालय शहर, ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों में स्थित जर्जर और खस्ताहाल स्कूल भवनों का तुरंत सर्वे कराकर उन्हें चिन्हित किया जाए और उनकी मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। उन्होंने बीकानेर जिले की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि जिले के कई सरकारी विद्यालयों की इमारतें वर्षों पुरानी हैं, जो बच्चों की जान के लिए किसी खतरे से कम नहीं हैं। शिक्षा निदेशालय और जिला प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी कोई भी हृदय विदारक घटना न हो सके। राहुल जादुसंगत ने इस दुख की घड़ी में दिवंगत बच्चों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार इस अपार दुख में शोक संतृप्त परिवारों के साथ खड़ा है।

300 पुलिकर्मियों के साथ बिजली-कनेक्शन काटने आये अफसरों को घेरा

बीकानेर, (कासं)। कसाईयों के मोहल्ले में उस समय तनाव हो गया, जब बिजली कंपनी और पुलिस अधिकारियों को स्थानीय लोगों ने घेर लिया। करीब सौ पुलिसकर्मियों के साथ बिजली कंपनी के अधिकारी कनेक्शन काटने पहुंच गए। यहां बड़ी संख्या में लोगों के घरों के कनेक्शन काट दिए गए।

- **कसाईयों के मोहल्ले में उस समय तनाव हो गया, जब बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे, कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ड्रोन से नजर रखी तथा समझाइश के बाद ही लोग मानें**
- **बिजली कंपनी के प्रतिनिधियों के पास अर्से से ये सूचना थी कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग बिजली चोरी कर रहे हैं**

यहां तक कि बिजली के तार भी हटा लिए। कुछ देर कंपनी की कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और तनाव बढ़ता चला गया। बाद में स्थानीय लोगों ने समझाइश करके भीड़ को हटाया। बिजली कंपनी के प्रतिनिधियों के पास अर्से से ये सूचना थी कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग बिजली चोरी कर रहे हैं। सामान्य कर्मचारियों के जाने पर उन्हें कनेक्शन नहीं काटने देते। इस पर गुरूवार सुबह ही बड़ी संख्या में पुलिस के साथ कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए। बड़ी संख्या में बिजली कनेक्शन काट दिए गए।

जानकारी के अनुसार 80 से ज्यादा कनेक्शन कटने के बाद क्षेत्र के लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान बिजली बंद कर दी गई। इससे मोहल्ले में रहने वाले बीमार लोगों को परेशानी हुई। एक गर्भवती महिला भी परेशान हुई तो गंभीर बीमारी से त्रस्त मोहल्ले वाले भी आक्रोशित हो गए। बाद में बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

इन लोगों ने पुलिस और कंपनी के प्रतिनिधियों को घेर लिया। सीओ सिटी श्रवणदास संत भी मौके पर पहुंचे। कोटगेट और सिटी कोतवाली के थानेदार भी मौके पर पहुंचे। बाद में पूर्व मेयर मकसूद अहमद ने मौके पर पहुंचकर वापस कनेक्शन जोड़ने की शर्त रखी। बाद में मकसूद अहमद के प्रयास से ही दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। शाम होते-होते कंपनी ने बिजली सप्लाई फिर से शुरू कर दी। गलत तरीके से काटे गए कनेक्शन भी वापस जोड़ने पर सहमति हुई है।

बिजली कंपनी बीकेईएसल के स्पोक पर्सन अशोक शर्मा ने बताया कि करीब 50 लाख रूपए की प्रति माह बिजली चोरी हो रही थी। यहां 10 वितरण ट्रांसफॉर्मर से आपूर्ति होती है। आज करीब 70 वीसीआर भरी गई। राशि का अनुमान देर रात तक ही पता चलेगा। करीब 35 पुलिसकर्मी और सीओ सदर, कोटगेट एसएचओ मौके पर मौजूद रहे।

एसडीएम सिटी कार्यपालक मजिस्ट्रेट और बीकेईएसएल की ओर से चीफ मैनेजर सुरेन्द्र सिंह चौधरी और मैनेजर तपन सामंत मौजूद रहे। कार्रवाई के बाद मीटिंग हुई जिसमें मकसूद अहमद और अन्य ने कम्पनी से फिलहाल कार्रवाई नहीं करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया कि वे लोगों को समझायेंगे कि अब बिजली चोरी नहीं करें।

जो लोग वीसीआर की राशि नहीं जमा करायेंगे उनके खिलाफ विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस कार्रवाई के दौरान ड्रोन के माध्यम से निगरानी की। पिछले साल जुलाई में चोरी के खिलाफ कार्रवाई कर 8 उपभोक्ताओं की वीसीआर भरी जिसमें से तीन ने राशि जमा करा दी। जबकि 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

आज चोरी के जो मामले पकड़े गए उनमें मीटर टेम्परिंग और सर्विस में कट लगाकर सीधे बिजली चोरी की जा रही थी। कार्रवाई के बाद करीब 100 लोग पब्लिक पार्क स्थित ऑफिस के बाहर जमा हो गए।

बुजुर्ग महिला की हत्या कर गहने-नकदी लूटे

श्रीगंगानगर, (कासं)। घर में अकेली बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है।

घटना रामनगर (पुरानी आबादी) के वार्ड 12 स्थित मकान में दिन में हुई। अज्ञात आरोपी 86 वर्षीय द्रोपती चुघ पत्नी स्व. प्यारेलाल की हत्या के बाद उनके कानों में पहनी सोने की बालियां, हाथ में पहने सोने के कंगन, अलमारी में रखे बहु के सोने के टॉप्स और 15 हजार रूपए नकदी निकालकर भाग गए।

घटना का पता शाम को करीब सवा चार बजे चला जब मृतका की पुत्रवधु काम से वापस घर लौटी। बहु सुमन ने अपने बैडरूम का गेट व अलमारी खुली, सामान बिखरा देखा। फिर उसने पास ही पुराने कमरे में अपनी सास को संभाला तो वह अचेत थीं। मृतका के पोते ने पड़ौसियों की मदद से निजी वाहन से द्रोपती को शाम को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

महिला से मोबाइल छीना

बीकानेर, (कासं)। व्यास कॉलोनी में बाइक पर सवार दो युवक दिन-दहाड़े महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

बड़ा बाजार निवासी महिला आरती दिन में करीब एक बजे अपने परिचित से मिलने व्यास कॉलोनी के सेक्टर नंबर 6 में गई थी। इस दौरान अचानक बाइक से आये दो युवकों ने उसके हाथ से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** : एस.एण्ड.टी./बी.के.एन ईटी08-25-26 **कार्य का नाम व स्थान** : बीकानेर मंडल के मंडी डबवाली स्टेशन पर नॉन-रनिंग लाइन नंबर 4 को रनिंग लाइन में बदलने के लिए एसएंडटी से संबंधित कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू. 10714877.13 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.में)** : 203600.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : **20.08.2025** को **15.00** बजे तक **वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है** : **www.ireps.gov.in**

919-DR/25

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4252 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.7.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरिन्द्र मोहन नरूला पुत्र श्री लेखराज नरूला निवासी म.नं. 6353 गली नं. 5, हरगोबिन्द नगर, लुधियाना पंजाब के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 30 किला नं. 17 में माप 15 ईट्ठु 62.6 फीट भू.सं. ए-102 शिव नगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 1979 दिनांक 27.12.2002 को श्रीमती डिम्पल कथूरिया पुत्र श्री पवन कुमार के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री सुरिन्द्र मोहन नरूला द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत वसीयतनामा द्वारा दिनांक 24.1.2020 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री सुरिन्द्र मोहन नरूला पुत्र श्री लेखराज नरूला निवासी म.नं. 6353 गली नं. 5, हरगोबिन्द नगर, लुधियाना पंजाब द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमजन हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/351 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर